आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे

आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,
करके श्रृंगार माँ का माँ की ज्योत जगाये गे.
आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,

लाल लाल चोला है हरी हरी चुडिया है,
मैया जी के माथे पे लाल बिंदियां सजायेंगे,
आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,

भेरो बाबा चवर डुले संग चले हर दम,
वीर बजरंगी से माँ की सेवा करेगे,
आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,

मैया जी के चरणों में ध्यान को लगा कर के,
इस मन मंदिर में अपनी माँ को बिठाये गे,
आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,

भेट चढ़ाये गे पान सुपारी नारियल,
मीठे मीठे मत वाले माँ को भजन सुनाएंगे,
आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,

लाखो माँ ने तार दिये हम पे थोड़ी मेहर करे,
आशीर्वाद मिल जाये तो हम भी तर जायेगे ,
आंबे मेरी कुल देवी इसे मिल कर मनाएंगे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13956/title/ambe-meri-kul-devi-ise-mil-kar-mnaayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |